रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2854] नई दिल्ली, शुक्रवार, दिसम्बर 2, 2016/अग्रहायण 11, 1938
No. 2854] NEW DELHI, FRIDAY DECEMBER 2, 2016/AGRAHAYANA 11, 1938

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 2 दिसम्बर, 2016

का.आ. 3638(अ).—यतः, केन्द्रीय सरकार ने, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिनियम, 1988 (1988 का 68) की धारा 11 के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 1097(अ), तारीख 4 अगस्त 2005, द्वारा जम्मू व कश्मीर राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–1ए (जम्मू–श्रीनगर सेक्शन नगरोता और उद्यमपुर बाइपास सहित) के 9.200 कि.मी. से 286.000 कि.मी. तक का खण्ड भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'प्राधिकरण' संदर्भित किया गया है) को सौंपा है;

और यतः, केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्गों, स्थायी पुलों, बाइपासों और सुरंगों के खण्डों के उपयोग के लिए शुल्क संग्रहण हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) की धारा 9 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सा.का.नि. 838(अ), तारीख 5 दिसम्बर, 2008 द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का अवधारण एवं संग्रहण) नियम, 2008 बनाए हैं और उनमें सा.का.नि. 950(अ), तारीख 3 दिसम्बर, 2010, सा.का.नि. 15(अ), तारीख 12 जनवरी, 2011, सा.का.नि. 756(अ), तारीख 12 अक्तूबर, 2011 तथा सा.का.नि. 778(अ), तारीख 16 दिसम्बर, 2013, सा.का.नि. 26(अ), तारीख 16 जनवरी, 2014, सा.का.नि. 831(अ), तारीख 21 नवम्बर, 2014, सा.का.नि. 220(अ), तारीख 23 मार्च, 2015 और सा.का.नि. 585(अ), तारीख 8 जून, 2016 द्वारा संशोधन किए गए हैं;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, समय–समय पर यथासंशोधित, राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का अवधारण एवं संग्रहण) नियम, 2008 (जिसे इसमें इसके पश्चात् ''उक्त नियम'' संदर्भित किया गया है) के नियम 3 के साथ पठित राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) की धारा 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा जम्मू व कश्मीर राज्य में रा.रा. 1ए के चेनानी–नाशरी खण्ड के 89.000 कि.मी. से 130.000 कि.मी. (नया संरेखण) के उपयोग के लिए नीचे सारणी 1 के स्तम्भ (1) में विनिर्दिष्ट प्रकार के वाहनों पर दो लेन के खण्डों के उपयोग हेतु सड़क खण्ड की निवल लम्बाई 1.911 कि.मी. {8.979 कि.मी. की संरचना को छोड़कर (जिसकी लम्बाई 60 मी. से अधिक है) और समकक्ष लम्बाई 89.79 कि.मी. सहित} के लिए सारणी (1) के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट आधार दर के 60 प्रतिशत की दर से (जिसे इसमें इसके पश्चात् ''आधार दर'' संदर्भित किया गया है) शुल्क उद्ग्रहीत करती है और प्राधिकरण को अपने अधिकारियों के माध्यम से या संविदाकार के माध्यम से उक्त शुल्क को संग्रहीत करने हेतु प्राधिकृत करती है; अर्थातः–

सारणी 1

वाहन का प्रकार	**आधार वर्ष 2007–08 के लिए प्रति कि.मी. शुल्क की आधार दर (रुपए में)**
(1)	(2)
कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन	0.65
हल्के वाणिज्यिक वाहन, हल्के माल वाहक वाहन अथवा मिनी बस	1.05
बस या ट्रक (दो धुरी वाले)	2.20
तीन धुरी वाले वाणिज्यिक वाहन	2.40
भारी संनिर्माण मशीनरी (भा.सं.म.) या अर्थ मूविंग उपस्कर (अ.मू.उ.) या बहुधुरीय वाहन (ब.धु.व.) (चार से छह धुरी वाले)	3.45
बड़े आकार वाले वाहन (सात या अधिक धुरी वाले)	4.20

1. दो लेन के सेक्शन के लिए नीचे उद्ग्रहीत तथा संग्रहीत शुल्क, निम्नलिखित शुल्क प्लाजा (प्लाजाओं) पर, ऐसे शुल्क प्लाजा (प्लाजाओं) के लिए विनिर्दिष्ट सड़क की निवल लम्बाई हेतु शोध्य और संदेय होगा

शुल्क प्लाजा का अवस्थान (चैनेज)	**लम्बाई (किलोमीटर में) जिसके लिए शुल्क संदेय है**	**दर जिस पर शुल्क संदेय है**
* रारा–1ए के उधमपुर जिले में ग्राम माडा, तहसील चेनानी के निकट 90.176 कि.मी. पर (डिजाइन चैनेज)	1.911 (नीचे पैरा 3 में दर्शायी गई संरचनाओं की लम्बाई 8.979 कि.मी. को छोड़कर)	ऊपर सारणी–1 में उल्लिखित आधार दरों का 60 प्रतिशत
* रारा–1ए के रामबन जिले में ग्राम नाशरी के निकट 99.800 कि.मी. (डिजाइन चैनेज) पर		

2 उपर्युक्त के अतिरिक्त, निम्नलिखित संरचनाओं, जिनकी लम्बाई 60 मीटर से अधिक है, के उपयोग के लिए ऐसी संरचनाओं की लम्बाई को समकरण गुणक 10 से गुणा करके राजमार्ग की समकक्ष लम्बाई में परिवर्तित करते हुए, निम्नलिखित टोल प्लाजाओं पर निम्नलिखित शुल्क भी शोध्य और संदेय होगा।

टोल प्लाजा का अवस्थान (चैनेज)	**सड़क की समकक्ष लम्बाई में परिवर्तित किए जाने हेतु **संरचनाओं की लम्बाई (कि.मी. में)**	**सड़क की समकक्ष लम्बाई (कि.मी. में)**	**दर जिस पर शुल्क संदेय है**
* रारा–1ए के उधमपुर जिले में ग्राम माडा, तहसील चेनानी के निकट 90.176 कि.मी. पर (डिजाइन चैनेज)	8.979	89.790	ऊपर सारणी–1 में उल्लिखित आधार दरों का 60 प्रतिशत
* रारा–1ए के रामबन जिले में ग्राम नाशरी के निकट 99.800 कि.मी. (डिजाइन चैनेज) पर			
	कुल लम्बाई	**89.790**	

*** दोनों शुल्क प्लाजाओं पर लागू प्रयोक्ता–शुल्क परियोजना की उतनी ही लम्बाई के लिए होगा। श्रीनगर जाने वाले यातायात के लिए प्रयोक्ता शुल्क 90.176 कि.मी. पर स्थित शुल्क प्लाजा पर देय होगा जबकि जम्मू जाने वाले यातायात के लिए यह शुल्क 99.800 कि.मी. पर स्थित शुल्क प्लाजा पर देय होगा।**

** 60 मीटर से अधिक की लम्बाई वाली संरचना का ब्यौरा निम्न प्रकार है:–

क्रम संख्या	60 मीटर से अधिक की लम्बाई वाली संरचना		
	चैनेज (कि.मी.)		लम्बाई (कि.मी.)
	से	तक	
1	90.482	99.461	8.979
कुल			**8.979**

3. जिस व्यक्ति का अपना यांत्रिक वाहन, गैर–वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए पंजीकृत हुआ हो और वह टोल प्लाजा से बीस किलोमीटर तक की दूरी में ही रहता हो, उसके लिए वर्ष 2016–17 के लिए मासिक पास की दर 235.00/– रूपए (दो सौ पैतीस रूपए मात्र) होगी और इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का अवधारण और संग्रहण) नियम, 2008 के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक वर्ष संशोधन किया जायेगा ।

4. राजमार्ग खण्ड पर बहुयात्राओं हेतु पास निम्नलिखित दरों पर जारी किया जाएगा, अर्थात्:

संदेय राशि	अनुज्ञात एकतरफा यात्राओं की अधिकतम संख्या	विधिमान्यता की अवधि
एकतरफा यात्रा के लिए शुल्क का डेढ़ गुना	दो	संदाय के समय से चौबीस घंटे
पचास एकल यात्राओं के लिए संदेय शुल्क की राशि का दो–तिहाई	पचास	संदाय के समय से एक मास

5. जिस जिले में टोल प्लाजा पड़ता है उस जिले में पंजीकृत वाणिज्यिक वाहन (राष्ट्रीय परमिट के अधीन चल रहे वाहनों को छोड़कर) के लिए शुल्क उस श्रेणी के लिए वाहन के लिए निर्धारित शुल्क का 50% होगा बशर्ते के ऐसे वाणिज्यिक वाहनों के उपयोग के लिए कोई सर्विस रोड अथवा वैकल्पिक सड़क उपलब्ध न हो ।

6. जो यांत्रिक वाहन अपनी श्रेणी के लिए निर्धारित अनुज्ञेय भार की अपेक्षा अधिक भार से लदा हुआ होगा उस यांत्रिक वाहन के चालक अथवा मालिक अथवा प्रभारी व्यक्ति को ऐसे अधिक भार से लदे वाहन को राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रवेश कराने के लिए टोल संग्रहण एजेंसी को ऐसी श्रेणी के यांत्रिक वाहनों पर लागू शुल्क के दस गुना के बराबर शुल्क का भुगतान करना होगा और उसे राष्ट्रीय राजमार्ग के उक्त खण्ड का उपयोग करने की तब तक अनुमति नहीं होगी जब तक कि ऐसे यांत्रिक वाहन से अधिक भार को हटा न दिया जाए।

7. यांत्रिक वाहनों की श्रेणी, उनके लिए अनुज्ञेय भार, छूट–प्राप्त वाहनों की श्रेणी, सर्विस रोड, वैकल्पिक सड़क आदि सहित सभी परिभाषाएं नियमों में विनिर्दिष्ट परिभाषाओं के अनुसार होंगी ।

8. उक्त नियमों के नियम 12 के अनुसार, उपयोगकर्ताओं की जानकारी के लिए शुल्क की दरों को प्रदर्शित किया जाएगा ।

9. ऊपर सारणी–1 में यथा–उल्लिखित, आधार वर्ष 2007–08 के लिए प्रति किलोमीटर शुल्क की आधार दर के आधार पर यांत्रिक वाहनों से लिए जानेवाले वास्तविक शुल्क और छूट की गणना खण्ड की पूरी की गई लम्बाई के आधार पर प्राधिकरण द्वारा की जाएगी तथा उक्त नियमों के नियम 5 के अनुसार उसमें वार्षिक तौर पर संशोधन किया जाएगा और तद्नुसार उसे अंग्रेजी तथा स्थानीय भाषा के कम–से–कम एक–एक समाचार–पत्र में प्रकाशित किया जाएगा।

10. परियोजना की अनुमानित पूंजीगत लागत 4748.41 करोड़ रुपए है। चूंकि भूमि अर्जन, जन सुविधाओं का स्थानांतरण पेड़ों की कटाई आदि के कार्य अभी पूरे किए जाने बाकी है इस कारण पूंजीगत लागत में बदलाव होगा। अंतिम पूंजीगत लागत को अलग से अधिसूचित किया जाएगा। प्राधिकरण द्वारा प्रयोक्ताशुल्क की वसूली के द्वारा उगाही गई पूंजीगत लागत का रिकार्ड रखा जाएगा और पूंजीगत लागत की वसूली हो जाने के पश्चात् लगाए जाने वाले शुल्क की दरों को घटाकर 40% कर दिया जाएगा और उक्त नियमों के अनुसार इसमें वार्षिक तौर पर संशोधन किया जाएगा।

[फा. सं. भाराप्रा/13013/560/सीओ/16–17/जीसी चेनानी–नाशरी बीओटी (वार्षिकी)]
दक्षिता दास, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS

NOTIFICATION

New Delhi, the 2nd December, 2016

S.O. 3638(E).—Whereas by notification of the Government of India in the Ministry of Road Transport and Highways number S.O. 1097(E) dated 04th August 2005 issued under section 11 of the National Highways Authority of India Act, 1988 (68 of 1988), the Central Government has entrusted the stretch from km 9.200 to km 286.000 (Jammu Srinagar Section including Nagrota and Udampur Bypass) of National Highway No. 1A in the State of Jammu & Kashmir to the National Highways Authority of India (hereinafter referred to as the "Authority");

And whereas, the Central Government, in exercise of the powers conferred by section 9 of the National Highways Act, 1956 (48 of 1956) has framed the National Highways Fee (Determination of Rates and Collection) Rules, 2008, vide G.S.R. 838(E) dated the 5th Dec, 2008, and amended vide G.S.R. 950(E) dated 3rd December, 2010, G.S.R. 15(E) dated 12th January, 2011, G.S.R. 756(E) dated 12th October,2011 and G.S.R. 778(E) dated 16th December, 2013, G.S.R. 26(E) dated 16th January, 2014, G.S.R. 831(E) dated 21st November, 2014, G.S.R. 220(E) dated 23rd March, 2015 and G.S.R. 585(E) dated 08th June, 2016 for collection of fee for use of sections of national highways, permanent bridges, bypasses and tunnels;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 7 of the National Highways Act, 1956 (48 of 1956), read with Rule 3 of the National Highways Fee (Determination of Rates and Collection) Rules, 2008 and amended from time to time (hereinafter referred to as the "said Rules"), the Central Government hereby levies the fee at 60% of the base rate specified in column (2) in Table 1 for net road section length of 1.911 km {excluding 8.979 Km of structure (having length more than 60 m) with equivalent length of 89.79 km} (hereinafter referred to as "base rate") for use of the Two Lane section on the Type of Vehicles specified in column (1) of Table 1 below for the use of Chenani-Nashri section from km 89.000 to km 130.000 (New Alignment) of National Highway number 1A in the State of Jammu & Kashmir and authorizes the Authority to collect, either through its officials or through a contractor, the said fee, namely:-

TABLE 1

Type of vehicle	**Base rate of fee per km for the base year 2007-08 (in Rupees)**
(1)	(2)
Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle	0.65
Light Commercial Vehicle, Light Goods Vehicle or Mini Bus	1.05
Bus or Truck (Two Axles)	2.20
Three-axle commercial vehicles	2.40
Heavy Construction Machinery (HCM) or Earth Moving Equipment (EME) or Multi Axle Vehicle (MAV) (four to six axles)	3.45
Oversized Vehicles (seven or more axles)	4.20

1. The fee levied and collected hereunder shall be due and payable for use of two lane section at the following Fee Plaza(s) for net road length specified for such Fee Plaza(s):

Location of Fee Plaza (chainage)	Length (in km) for which Fee is payable	Rate at which fee is payable
*At km 90.176 (design chainage) near village Mada , Tehsil Chenani in Udhampur district of NH-1A	1.911 (Excluding 8.979 km length of structures indicated in Para-3 below)	60% of the base rates mentioned in Table-1 above
*At km 99.800 (design chainage) near village Nashri in Ramban district of NH-1A		

2. In addition to above, the following fee shall also be due and payable for the use of the following structures having length more than 60m at the following Fee Plaza(s), by converting the length of structures into an equivalent length of highway by multiplying the length of such structures by an equalization factor of 10:

3. Location of Fee Plaza (chainage)	Length of structures** (in km) to be converted into equivalent road length	Equivalent Road length (in km)	Rate at which fee is payable
*At km 90.176 (design chainage) near village Mada , Tehsil Chenani in Udhampur district of NH-1A	8.979	89.790	60% of the base rates mentioned in Table-1 above
*At km 99.800 (design chainage) near village Nashri in Ramban district of NH-1A			
	Total length	**89.790**	

*** The applicable user fee at both the fee plazas shall be for the same length of the project, the user fee for Srinagar bound traffic shall be payable at Fee Plaza at Km 90.176, whereas, for Jammu bound traffic the fee shall be payable at Fee Plaza at Km 99.800.**

**Details of structure having length more than 60m is as under:

S. No.	Structure having length more than 60 m		
	Chainage (Km.)		Length (Km.)
	From	To	
1	90.482	99.461	8.979
Total			**8.979**

3. The rate of monthly pass for a person who owns a mechanical vehicle registered for non-commercial purposes and resides within a distance of twenty kilometres from the fee plaza is Rs. 235.00 (Rupees Two Hundred Thirty Five only) for the year 2016-17 and is subject to revision every year as per the provisions of the National Highways Fee (Determination of Rates and Collection) Rules, 2008.

4. For multiple journeys on the highway section, passes shall be issued at the following rates, namely:

Amount Payable	Maximum number of one way journeys allowed	Period of validity
One and half times of the fee for one way journey	Two	Twenty four hours from the time of payment
Two-third of amount of the fee payable for fifty single journeys	Fifty	One month from date of payment

5. Fee for commercial vehicle (excluding vehicles plying under National permit) registered in the district where the fee plaza falls shall be 50% of the prescribed rate for that category of vehicle provided no service road or alternative road is available for use of such commercial vehicles.

6. The driver or owner or a person in charge of a Mechanical vehicle which is loaded in excess of permissible load specified for its category, shall be liable to pay fee for entering the overloaded vehicle on the National Highway to the fee collecting agency, equal to ten times of the fee applicable to such category of mechanical vehicle and shall not be entitled to make use of the highway section unless the excess load has been removed from such mechanical vehicle.

7. All definitions including category of mechanical vehicles, its permissible load, category of exempted vehicles, service road, alternative road etc. shall be as per definitions specified in the rules.

8. The fee rates shall be displayed for information of the users in accordance with rules 12 of the said rules.

9. Based on the Base rate of fee per km for the base year 2007-08 as mentioned in Table-1 above, the actual amount of fee to be charged from the mechanical vehicles and the discounts will be calculated by the Authority on the basis of the completed length of the section and revised annually in accordance with the rule 5 of the said rules and the same shall be published in at least one newspaper, each in English and vernacular language accordingly.

10. The estimated capital cost of the project is Rupees 4748.41 Crore. The capital cost is subject to variation as the activities of land acquisition, utility shifting, tree cutting etc. are yet to be completed. The final capital cost will be notified separately. The Authority shall maintain a record of the recovery of capital cost through user fee realized and after recovery of the capital cost, the fee leviable shall be reduced to 40% of the rates and shall be revised annually in accordance with the said rules.

[F. No. NHAI/13013/560/CO/16-17/GC Chenani-Nashri BOT(Annuity)]

DAKSHITA DAS, Jt. Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

Nishok Kumar Paria Digitally signed by Nishok Kumar Paria Date: 2016.12.06 19:19:08 +05'30'